# लोक शिक्षण संचालनालय म. प्र. भोपाल (म.प्र.)

# राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण - 2021

## प्रैक्टिस पेपर – III

## विषय – सामाजिक विज्ञान

## कक्षा -10

विद्यार्थियों के लिए निर्देश :

1. इस पुस्तिका में 70 प्रश्न हैं |
2. इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्नों का उत्तर देने के लिए 120 मिनिट का समय निर्धारित है |
3. प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प A , B, C, D हैं इनमें से केवलएक ही सही उत्तर है | आपको सही उत्तर का चयन करना है |
4. विद्यार्थी रफ कार्य इसी पुस्तिका में कर सकते हैं |

1. ब्रिटिश-नाइजीरियाई कलाकार यिंका शोनीबारे द्वारा बनाया गया एक चित्र यहाँ दिखाया गया है।इस चित्र के बारे में शोनीबारे कहते हैं, "यह काम हूबहू दीवार पर किसी छींटे की तरह है। मैं सिर्फ इसके, एक दुर्लभ वस्तु बनने के बारे में सोच रहा था, इसकी दुर्लभता का कारण हाल ही में घटित युद्धों का एक स्रोत है। मैं उन लालची कंपनियों के परिणामस्वरूप होने वाली आपदाओं के बारे में भी सोच रहा था, जिन्होंने वनस्पतियों एवं जीवों को नष्ट कर दिया है और नदियों को गंदगी का नाला बना दिया है।

   इस चित्र का मुख्य विषय क्या हो सकता है?

   A: नाइजीरिया के समृद्ध तेल संसाधन। B: नाइजीरिया में भोजन का अभाव।
   C: नाइजीरिया में गुलामी का इतिहास। D: नाइजीरिया का अन्य देशों में साथ व्यापार।

2. थार एक्सप्रेस एवं समझौता एक्सप्रेस दो ट्रेन सेवाएँ हैं जो भारत और पाकिस्तान के बीच चलती हैं। निम्नलिखित में से कौन-सी सुविधा, इन देशों के यात्रियों के लिए ट्रेन से सफर करने का मुख्य कारण हो सकती है?
   A: इन ट्रेनों में यात्रियों को एक देश से दूसरे देश की यात्रा के दौरान पासपोर्ट या वीज़ा की आवश्यकता नहीं होती है।
   B: दोनों देशों के अंदरुनी हिस्सों में, यात्रा के अन्य साधनों की तुलना में, ये ट्रेनें कम समय लेती हैं।
   C: ये ट्रेनें दोनों देशों के बीच यात्रा का एकमात्र साधन हैं।
   D: इन ट्रेनों के यात्रियों को मुफ्त टिकट दिए जाते हैं।

3. भारत के एक विशेष क्षेत्र से संबंधित, निम्नलिखित कुछ स्थानीय व्यंजन दिए गए हैं।
   - तंग तूर (Tang Tur): स्थानीय सब्ज़ियों के साथ छाछ।
   - नमथुक (Namthuk): नगांपे (ngampe) (भुना हुआ जौ का आटा) के साथ बना सूप, नमक, काली मिर्च और, याक के दूध से बना स्थानीय मक्खन।
   - मोक मोक (Mok Mok): उबले हुए डंप्लिंग्स जो स्थानीय सब्ज़ियों या मांस से भरे होते हैं।
   - चू टागी (Chu Tagi): स्टू जो सब्ज़ियों या मांस और गेहूँ नूडल्स के साथ बनाया जाता है।

   क्षेत्र की पहचान करें।

   A: कच्छ B: कूर्ग C: लद्दाख D: सुंदरबन

4. दुनिया के दो देशों के बीच की तुलना का एक हिस्सा निम्नलिखित है:

| | | |
|---|---|---|
| करोड़ में जनसंख्या | 92 | 132 |
| क्षेत्रफल | 30,221,532 वर्ग किमी | 11, 668, 598 वर्ग किमी |
| मुख्य धर्म | ईसाई धर्म- 45%<br>इस्लाम - 40.6%<br>अन्य - 14.4% | गैर धर्म - 68%<br>बौद्ध धर्म - 8.5 %<br>ईसाई धर्म - 3%<br>ताओ धर्म - 9.5%<br>इस्लाम - 3% |

दोनों देशों की पहचान करें।

A: भारत और चीन
B: अफ्रीका और चीन
C: यूरोप और ऑस्ट्रेलिया
D: अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका

दी गई जानकारी के आधार पर प्रश्न 5 और 6 का उत्तर दें।

जानकारीः यहाँ 13वीं शताब्दी के एक सूफी रहस्यवादी कवि जलालुद्दीन रूमी की तस्वीर दिखाई गई है। इस्लामी परंपरा के अनुसार, रूमी ने मसनवी (masnavi) नामक एक पुस्तक लिखी, जिसने एशिया माइनर के क्षेत्र में सांस्कृतिक जीवन को प्रभावित किया था।




5. निम्नलिखित में से कौन-सा पहलू, रूमी के भगवान के बारे में तत्वज्ञान/दर्शनशास्त्र का मूल है?
A: कई रूपों एवं नामों के बजाय ईश्वर सार्वभौमिक तथा एक है।
B: भगवान के कई अवतार एवं रूप हिन्दू अवतारों के समान हैं।
C: भगवान एक है, लेकिन एक सुशोभित और बुद्धिमान इंसान की तरह दिखाई देता है।
D: ईश्वर केवल पवित्र मस्जिदों में रहता है और कोई भी उसे महंगे उपहार देकर मिल सकता है।

6. रूमी ने समा को संगीत सुनने और पवित्र नृत्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। संगीत ने भक्तों को अपना पूरा ध्यान परमात्मा पर केंद्रित करने में सहायता की। इसी विचार से घुमक्कड़ दरवेशों के अभ्यास का विकास एक अनुष्ठान के रूप में हुआ।
निम्नलिखित में से किस देश में घुमक्कड़ दरवेशों का समारोह पारंपरिक रूप से प्रचलित है?
A: तुर्की
B: ओमान
C: मोरक्को
D: पाकिस्तान

7. भारत में, लाइट, पंखे, रेफ्रिजरेटर आदि के लिए आवश्यक ऊर्जा अधिकतर ________ उत्पन्न होती है।
A: परमाणु संयंत्र से
B: सौर ऊर्जा से
C: पानी से
D: कोयला से

8. यहाँ पर 326 ईसा पूर्व में हाइडास्पेस (Hydaspes) नदी की लड़ाई में भारत के राजा पोरस के खिलाफ सिकंदर की रणनीति का नक्शा दिखाया गया है। यह लड़ाई हाइडास्पेस (Hydaspes) नदी के किनारे पर लड़ी गई थी, जो अब पाकिस्तान में है।



निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सबसे बेहतर बताता है कि लड़ाई में क्या हुआ था?
A: पोरस ने नदी पार करके अपनी सेना का हिस्सा सिकंदर के शिविर में भेजा।
B: सिकंदर के जनरल क्रेटरस (Craterus) ने पोरस के शिविर में प्रवेश किया और उसे हराया।
C: पोरस के सेनापतियों ने सिकंदर के सेनापति से बात की और लड़ाई से पीछे हटने को फैसला किया।
D: सिकंदर अपनी सेना के हिस्से के साथ नदी के किनारे तक चला गया और फिर नदी पार कर गया।

9. व्यापार संघ का सबसे सामान्य उद्देश्य __________ है।
A: आयात और निर्यात का संतुलन सुनिश्चित करना।
B: वस्तुओं और सेवाओं के बाज़ार मूल्यों को विनियमित करना।
C: रोज़गार की स्थितियों को बनाए रखना अथवा सुधारना।
D: बेरोज़गारों को रोज़गार के अवसर प्रदान करना।

10. 'मुद्रा का अवमूल्यन' का अर्थ है किसी देश की मुद्रा के मूल्य को आधिकारिक रूप से कम करना। ऐसा तब किया जाता है, जब कोई देश अपनी आर्थिक स्थिति को सुधारना चाहता हो।

किसी देश में मुद्रा अवमूल्यन के पश्चात, इनमें से जब कौन-से प्रभाव के सबसे अधिक होने की संभावना है?
A: निर्यात और आयात दोनों में वृद्धि।
B: निर्यात और आयात दोनों में कमी।
C: निर्यात में वृद्धि और आयात में कमी।
D: निर्यात में कमी और आयात में वृद्धि।

दी गई जानकारी के आधार पर प्रश्न 11 और 12 का उत्तर दें।


जानकारीः हर साल गंगा और ब्रह्मपुत्र बांग्लादेश के मैदानी इलाकों में लाखों टन गाद लाते हैं। जो हर साल नये जलमार्ग खोद देते हैं। जिसके परिणामस्वरुप द्वीप बन जाते हैं जो तब तक बने रहते हैं जब तक कि वे ताजा बाढ़ से बह न जाएँ। इन द्वीपों को स्थानीय रूप से चार्स के नाम से जाना जाता है।



11. हालाँकि चार्स (Chars) अस्थाई द्वीप होते हैं, उनसे आकर्षित होकर लोग बड़ी संख्या में उन पर रहते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा मुख्य कारण है जिसकी वजह से लोग चार्स (Chars) पर रहते हैं?
A: चिकने रूप से गतिशीलता के लिए चट्टानी मैदान।
B: जीविका खेती के लिए उपजाऊ मिट्टी।
C: पास के सुंदरबन के आदमखोर बाघों से सुरक्षा।
D: हिमालय से कीमती पत्थर जैसे खनिज संसाधनों का जमा होना।

12. निम्नलिखित में से किस माह के दौरान बांग्लादेश में चार्स (Chars) के गठन एवं विनाश की सबसे अधिक संभावना है?
A: जनवरी B: अप्रैल C: जुलाई D: साल भर

13. सरकार ने हाल ही में हवाई क्षेत्र का लचीला उपयोग (फ्लेक्सिबल यूज ऑफ एयरस्पेस (FUA)) की मंजूरी दी है। इसका मतलब है कि सामान्य उड़ानें अब सैन्य हवाई क्षेत्र का उपयोग करने में सक्षम होंगी, जो पहले प्रतिबंधित हुआ करती थीं। यहाँ दिखाया गया नक्शा हवाई मार्गों में किए गए कुछ बदलाव दर्शाता है।




इस निर्णय का परिणाम क्या हो सकता है?
A: परिणामस्वरूप हवाई किराए में वृद्धि।
B: यह आतंकवाद के खतरे को कम करेगा।
C: इससे समय एवं ईंधन की बचत होगी और प्रदूषण कम होगा।
D: यह सामान्य और सैन्य विमानों के बीच कई दुर्घटनाओं का कारण बनेगा।

14. मन्नार की खाड़ी भारत के दक्षिणपूर्वी सिरे एवं श्रीलंका के पश्चिमी तट (मानचित्र देखें) के बीच स्थित है। इसे यूनेस्को (UNESCO) द्वारा बायोस्फीयर रिजर्व (Biosphere reserve) पदांकित किया गया है।



निम्नलिखित में से कौन-सा कथन मन्नार की खाड़ी के संबंध में सही होगा?
A: यह क्षेत्र यूनेस्को (UNESCO) द्वारा भेजे गए पुलिस और तटरक्षक बल के संरक्षण में है।
B: भारत या श्रीलंका की सरकारों का इस क्षेत्र पर कोई अधिकार नहीं है।
C: संयुक्त राष्ट्र के अधिकार के तहत, इस क्षेत्र में कानूनी तथा अन्य निर्णय केवल यूनेस्को (UNESCO) ले सकता है।
D: भारत एवं श्रीलंका की सरकारें इस क्षेत्र के संरक्षण और विकास की जिम्मेदारी साझा करती हैं।

15. साम्राज्यवाद, उपनिवेशवाद या युद्ध के समय में, सांस्कृतिक महत्व की कई वस्तुओं को देशों से लूट लिया जाता है। कला या सांस्कृतिक वस्तुओं को उनके मूल देश में वापसी करने को कला प्रत्यावर्तन कहा जाता है। ऐसी कई कला वस्तुएँ अब विभिन्न संग्रहालयों में रखी गई हैं। ऐसी वस्तुओं की समर्थता और असमर्थता दोनों के लिए विभिन्न तर्क हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा तर्क किसी ऐसे देश के द्वारा दिया जाएगा जो ऐसी वस्तुओं को वापस नहीं करना चाहता है?
A: कला को उसके मूल ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संदर्भ में बेहतर तरीके से सराहा एवं समझा जाता है।
B: युद्ध, लूट, साम्राज्यवाद एवं उपनिवेशवाद के कारण देश से बाहर ले जाई गई कला अनैतिक है।
C: औपनिवेशिक (colonized) देशों से बाहर ले जाई गई अधिकांश कलाकृतियाँ बुरी तरह से हटाई गईं और क्षतिग्रस्त हो गईं तथा परिवहन में खो गईं।
D: अधिकांश पश्चिमी संग्रहालय महानगरीय शहरों में हैं, और अगर कलाकृतियों को वहाँ से हटाया जाता है तो कम लोगों तक उनकी पहुँच रह जाएगी।

16. अनुराधापुरा श्रीलंका की प्राचीन राजधानियों में से एक है जो अच्छी तरह से संरक्षित पुरातात्विक स्थलों के लिए प्रसिद्ध है। यह शहर एक विश्व विरासत स्थल भी है। बौद्ध जगत में पवित्र माना जाने वाला यह प्राचीन शहर आज कई मठ एवं स्तूपों से घिरा हुआ है।
अनुराधापुरा में निम्नलिखित में से कौन-से विश्व विरासत के ऐतिहासिक अवशेष होने की संभावना है?

A: 

C: 

B: 

D: 

17. म्यांमार (बर्मा) में अगस्त 2012 तक, हर प्रकाशन (अखबार के लेख, कार्टून, विज्ञापन तथा चित्र सहित) को वहाँ के सूचना मंत्रालय के प्रेस जाँच और पंजीकरण विभाग द्वारा पूर्व-अनुमोदन की आवश्यकता थी।
सेंसरशिप के इस कानून ने म्यांमार में निम्नलिखित में से किसी एक पर रोक लगा दी थी।
A: अभिव्यक्ति की आज़ादी। B: अखबारों का प्रकाशन।
C: अंग्रेज़ी तथा अन्य विदेशी भाषाओं में लेखन। D: घरेलू वस्तुओं को बेचने वाले विज्ञापन।

दी गई जानकारी के आधार पर प्रश्न 18 और 19 का उत्तर दें।

जानकारीः कठिन इलाकों में पानी ले जाना हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा है। कठिन इलाकों में रहने वाले लोगों ने सिंचाई और मानव खपत के लिए अभिनव तरीके विकसित किए हैं। मेघालय में, बाँस के पाइपों का एक विशाल और जटिल नेटवर्क एक आधुनिक ड्रिप सिंचाई (इरीगेशन) जैसे कार्य करता है। (ड्रिप इरीगेशन) एक सिंचाई विधि है इसमें पानी, वाल्व, पाइप और अन्य समान उपकरण के एक नेटवर्क के माध्यम से पौधों की जड़ों तक धीरे-धीरे टपकता है और इससे पानी की बचत होती है।

18. सर्दियों के मौसम में, बाँस ड्रिप सिंचाई (Bamboo drip irrigation) का उपयोग अधिकतर एक पौधे को उगाने के लिए किया जाता है, जिसे विकसित होने के लिए अपेक्षाकृत कम पानी की आवश्यकता होती है। उस पौधे की पहचान करें।
A: जैतून B: नारियल C: खजूर D: काली मिर्च

19. बाँस की सिंचाई विधि द्वारा जयंतिया (Jaintia), खासी एवं गारो पहाड़ियों के क्षेत्र में ज़्यादातर पानी किसी एक स्रोत से प्राप्त होता है। इसकी पहचान करें।
A: पास के पहाड़ी नदियों से। B: ब्रह्मपुत्र नदी से।
C: गहरे कुएं और टंकी से। D: सीधे वर्षा के पानी से।

20. यहाँ 2009 लोकसभा चुनाव के परिणाम दिखाए गए हैं।

| | |
|---|---|
| 262 | यू पी ए |
| 159 | एन डी ए |
| 24 | कम्युनिस्ट दल |
| 98 | अन्य |

लोकसभा में विपक्ष का नेता ________ का सदस्य होगा।

A: यूपीए B: एनडीए C: कम्युनिस्ट दल D: अन्य

21. पोंगल या थाई पोंगल तमिलनाडु में मनाए जाने वाला एक त्योहार है, जो स्थानीय मान्यता के अनुसार सूर्य की अपनी दक्षिणी सीमा से उत्तर की ओर यात्रा की शुरुआत को चिह्नित करता है, जिसे उत्तरायण कहा जाता है। यह भारत के अधिकांश हिस्सों में मनाए जाने वाले मकर संक्रांति के त्योहार के साथ मेल खाता है।

निम्नलिखित में से पोंगल उत्सव की सामान्य तिथि सीमा और महीना कौन-सा है?

A: 13-16 जनवरी B: 14-17 अप्रैल C: 3-6 अगस्त D: 22-25 अक्टूबर

22. नीचे अजंता की गुफाएँ दिखाई गई हैं।



निम्नलिखित में से कौन-से चित्रों की इन गुफाओं में पाए जाने की संभावना है?

A: 

C: 

B: 

D: 


23. भारत के निम्नलिखित राजधानी शहरों में से एक को आसपास के छोटा नागपुर पर्वत में कई झरनों की उपस्थिति के कारण झरने के शहर के रूप में भी जाना जाता है। 2000 ईस्वी में इस भारतीय राज्य के बनने के बाद से ही यह शहर इस राज्य की राजधानी रह चुका है।
इस शहर की पहचान करें।

A: भोपाल B: रांची C: नागपुर D: देहरादून

दी गई जानकारी के आधार पर प्रश्न 24 और 25 का उत्तर दें।

जानकारीः यहाँ आधुनिक भारत की सीमाओं का एक नक्शा, जो "देशी राज्यों" (सीधे तौर पर अंग्रेजों द्वारा शासित नहीं किये गए) और 1860 में अंग्रेज़ों द्वारा प्रत्यक्ष रूप से शासित प्रदेश को दर्शाता है।

24. प्रश्नः इस मानचित्र के अनुसार1860 में मूल राज्यों ने आधुनिक भारत के लगभग कितने क्षेत्रफल का हिस्सा गठित किया?



A: लगभग 10% B: लगभग 25% C: लगभग 45% D: लगभग 70%

25. भारत का प्रशासन 1858 में ईस्ट इंडिया कंपनी से ब्रिटिश क्राउन द्वारा ले लिया गया था।1858 तक जिन क्षेत्रों पर कब्ज़ा नहीं किया गया था वे1947 में ब्रिटिश शासन के अंत तक मूल (native) राज्य बने रहे।
मूल (native) राज्यों की सरकारों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
A: मूल राज्यों का ब्रिटिश क्राउन से, ब्रिटिश शासन के अंत तक, कोई संपर्क नहीं था।
B: मूल राज्य भारतीय शासकों द्वारा शासित थे, जो ब्रिटिश क्राउन के अधिकार के तहत थे।
C: मूल राज्यों के लोगों एवं भारतीय शासकों को ब्रिटिश क्राउन को कोई कर नहीं देना पड़ता था।
D: सभी भारतीय शासकों से उनकी उपाधि छीन ली गई और उन्हें आम नागरिकों की तरह मूल राज्यों में रहना पड़ा।

26. ग्रीनविच प्राइम मेरिडियन (युनाइटेड किंगडम) _______ से भी गुजरता है।
A: ब्राज़ील B: फ्रांस C: तुर्की D: युनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका

27. अफ्रीकी-अमेरिकी कलाकार जैकब लॉरेंस ने द माइग्रेशन ऑफ द नीग्रो नामक चित्रों की एक श्रृंखला बनाई। इस श्रृंखला के चित्रों ने इस प्रवास के कुछ कारणों को दर्शाया। प्रवास का एक कारण अन्य क्षेत्रों में अफ्रीकी-अमेरिकियों के लिए उपलब्ध बेहतर शिक्षा के अवसर थे। नीचे दिए गए चित्रों में से कौन-सा चित्र उनकी बेहतर शिक्षा की आशा का वर्णन करता है?
निम्नलिखित में से कौन-से चित्रों की इन गुफाओं में पाए जाने की संभावना है?

A: 

C: 

B: 

D: 

28. यह कविता 'वन वे टिकट' लांगस्टोन ह्यूज द्वारा 1949 में लिखी गई थी।
मैं अपनी ज़िन्दगी चुनता हूँ, और ट्रेन पर लेकर जाता हूँ...
मैं तंग आ गया हूँ, जिम क्रो के कानूनों से,
वो लोग जो क्रूर हैं, डरे हुए हैं, जो वध (लिंच) करते हैं और भाग जाते हैं,
जो मुझसे डरते हैं, और मैं उनसे,
(जिम क्रो कानून - अश्वेतों एवं गोरों के लिए अलग-अलग सुविधाओं से संबंधित कानून; लिंच- किसी की हत्या कर देने वाली भीड़)
यह कई अफ्रीकी-अमेरिकी प्रवासियों के निम्नलिखित अनुभवों में से किस पर ध्यान केंद्रित करता है?
A: अफ्रीका में वापस जा कर रहने के लिए दिया गया आदेश।
B: नए शहरों में रहते हुए अनुकूल होने का संघर्ष।
C: अमेरिकी सिविल युद्ध में लड़ना।
D: हिंसा के डर में जीना।

29. दी गई जानकारी अमेरिका के भिन्न क्षेत्रों में कई वर्षों से रह रहे अफ्रीकी - अमेरिकियों के कुल प्रतिशत की जानकारी प्रदान करता है।


**अमेरिकी क्षेत्र की जनसंख्या के% के रूप में अफ्रीकी-अमेरिकी (1900-2000)**


| क्षेत्र | 1900 | 1910 | 1920 | 1930 | 1940 | 1950 | 1960 | 1970 | 1980 | 1990 | 2000 | 2010 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उत्तर पूर्व | 1.8% | 1.9% | 2.3% | 3.3% | 3.8% | 5.1% | 6.8% | 8.8% | 9.9% | 11.0% | 11.4% | 11.8% |
| मध्य पश्चिम | 1.9% | 1.8% | 2.3% | 3.3% | 3.5% | 5.0% | 6.7% | 8.1% | 9.1% | 9.6% | 10.1% | 10.4% |
| पश्चिम | 0.7% | 0.7% | 0.9% | 1.0% | 1.2% | 2.9% | 3.9% | 4.9% | 5.2% | 5.3% | 4.9% | 4.8% |
| दक्षिण | 32.3% | 29.8% | 26.9% | 24.7% | 23.8% | 21.7% | 20.6% | 19.0% | 18.6% | 18.5% | 18.9% | 19.2% |

यह जानकारी बताती है कि अमेरिका के महाप्रवास (The Great Migration) के दौरान, लोग ________ से अन्य क्षेत्रों में जा रहे थे।
A: उत्तरी क्षेत्र
B: दक्षिणी क्षेत्र
C: मध्य पश्चिमी क्षेत्र
D: पूर्वोत्तर क्षेत्र

दी गई जानकारी के आधार पर प्रश्न 30 और 31 का उत्तर दें।

30. केवल तल की योजनाओं के आधार पर, इन दोनों स्मारकों में _______ होने की संभावना है।


इटली में स्मारक



भारत में स्मारक

A: चारबाग (4 भागों में विभाजित एक उद्यान)
B: समान संख्या में कमरे
C: मीनारें
D: एक गुंबद

31. दिए गए तल योजना के आधार पर बताइए कि नीचे दिए गए भारतीय स्मारकों में से यह किसका होने की संभावना है?

A: 

C: 

B: 

D: 

32. यहाँ कुछ जर्मन लोग अपने देश के बारे में बात करते हुए दिखाए गए हैं।\

| | | |
|---|---|---|
|  | नाम: डोरोथी ड्यू<br>जर्मनी<br>होमटाउन: फ्रैंकफर्ट | 'जर्मनी एक बिछड़े हुए परिवार की तरह है<br>जो अब फिर से साथ आने की कोशिश कर रहा है।' |
|  | नाम: आइंस रौशेनबच<br>जर्मनी<br>होमटाउन: फ्रैंकफर्ट | 'जब मैं पहली बार पश्चिम बर्लिन में गई, तो मैंने अपने<br>भाई के साथ एक चॉकलेट का टुकड़ा बांट कर खाया।' |

ये टिप्पणियाँ, जर्मनी में घटित निम्नलिखित में से किसी एक ऐतिहासिक घटना का उल्लेख करती हैं। उस घटना की पहचान करें।

A: द्वितीय विश्व युद्ध का अंत।
B: बर्लिन की दीवार का गिरना।
C: बर्लिन शहर की स्थापना।
D: प्रथम विश्व युद्ध की शुरुआत।

33. इसका फाइबर 100% बायो-डिग्रेडेबल और पर्यावरण के अनुकूल होता है। इसमें खाद और कीटनाशक की ज़रूरत भी कम पड़ती है। इसका उपयोग कृषि उत्पादों की थोक पैकेजिंग में व्यापक रूप से होता है। इसकी खेती ज़्यादातर पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के डेल्टा क्षेत्रों में की जाती है।

इस फाइबर की पहचान करें।

A: जूट
B: कपास
C: नारियल
D: बाँस

34. पृथ्वी के अधिकांश रेगिस्तान लगभग 30 डिग्री अक्षांश, उत्तर एवं दक्षिण में हैं। निम्नलिखित में से कौन सा कथन इसका उचित कारण बताता है?
A: इस अक्षांश में बड़ी पर्वत श्रृंखलाओं की उपस्थिति।
B: शुष्क भूमध्यरेखीय वायु धाराएँ इन अक्षांशो पर उतरती हैं।
C: ये अक्षांश पृथ्वी के महासागरों से बहुत दूर स्थित हैं।
D: इन अक्षांशो के पास पृथ्वी सबसे चौड़ी है और यहाँ सबसे अधिक धूप पड़ती है।

35. संघीय (Federal) ढाँचे के तहत निम्नलिखित में से कौन-सी शक्ति, भारत में केवल केंद्र सरकार के लिए आरक्षित है?
A: कर में वृद्धि करना।
B: आपराधिक न्याय।
C: संवैधानिक संशोधन।
D: लोकल सरकारें स्थापित करना।

36. 1880 के बाद, यूरोपीय देशों के द्वारा उपनिवेशवाद मुख्य रूप से __________ के कारण किया गया था।
A: प्रथम विश्व युद्ध
B: औद्योगिक क्रांति
C: अमेरिकी सिविल युद्ध
D: साम्यवाद का उदय

37. निम्नलिखित भारत के जिलों में से कौन-सा एक अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित है?
A: तवांग, अरुणाचल प्रदेश
B: सिंधुदुर्ग, महाराष्ट्र
C: कुरुक्षेत्र, हरियाणा
D: पलामू, झारखंड


38. सर एडवर्ड कोक (1552-1634) अपने समय के सबसे बड़े वकील माने जाते थे। उन्होंने लिखा है कि:
जिस किसी के पास किसी भी वस्तु का एकाधिकार होगा, वह अपने चाह के अनुकूल उसकी कीमत निर्धारित करेगा... एक एकाधिकार दिए जाने के बाद उस वस्तु की कीमत बढ़ जाएगी और वस्तु उतनी अच्छी नहीं रह जाएगी जितनी पहले हुआ करती थी; जिसके पास भी एकाधिकार व्यापार है, वह केवल अपना निजी भला देखता है न कि जनता का भला।
यह तर्क निम्नलिखित में से कौन-से कथन के विपरीत माना जाएगा?
A: एक आविष्कारक को अपने आविष्कार के लिए विशेष अधिकार प्रदान करना।
B: बिक्री बढ़ाने के लिए वस्तुओं की कीमतों को कम करना।
C: अन्य देशों में निर्मित वस्तुओं का आयात करना।
D: युद्ध अथवा अन्य संकटों में व्यापार को प्रतिबंधित करना।

39. यहाँ संयुक्त राज्य अमेरिका की सरकार की विधायी शाखा की संरचना को दिखाया गया है।




कांग्रेस द्वारा किए जाने वाला कार्य भारत में ________ के समान है।
A: राष्ट्रपति
B: संसद
C: राज्य सभा
D: उच्चतम न्यायालय

40. सरकार ने एक जोखिम भरे भूकंपीय क्षेत्र में एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र बनाने का प्रस्ताव रखा है। कई पर्यावरण विशेषज्ञों ने इस संयंत्र के निर्माण की सुरक्षा पर सवाल उठाए हैं तथा कई स्थानीय लोगों द्वारा प्रदर्शन भी किए गए हैं।




इस मानचित्र के आधार पर, ऊपर बताए गए संयंत्र की प्रस्तावित साइट ________ है।

A: हरिपुर B: कोवाडा C: जैतापुर D: मीठी विरदी

41. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें
    1. अलवण जल केवल 2.7% है
    2. लगभग 70% अलवण जल जल बर्फ की चादरों और ग्लेशियरों के रूप में पाया जाता है
    3. केवल 1% अलवण जल ही मानव उपयोग के लिए उपयुक्त है

    उपर्युक्त कथनों में से कौन सा सही है/ हैं ?

    A: 1 और 2 B: 1 और 3 C: 2 और 3 D: उपरोक्त सभी

42. यदि एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच भारत में सोमवार को 5:00 am प्रारंभ हो रहा है तब इसका सीधा प्रसारण लंदन में इस समय देखा जा सकेगा

    A: सोमवार 00:30am B: सोमवार 05:00 am
    C: सोमवार 10:30am D: रविवार 11:30 pm

43. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है

    1. विश्व की सबसे लंबी पर्वत श्रृंखला दक्षिण अमेरिका में है किंतु सबसे ऊंचा पर्वत शिखर एशिया में है।
    2. विश्व की सबसे बड़ी नदी दक्षिण अमेरिका में है किंतु सबसे लंबी नदी अफ्रीका में है।
    3. अफ्रीका से कर्क रेखा मकर रेखा और विषुवत रेखा तीनों गुजरती हैं किंतु यूरोप से केवल अंटार्कटिक वृत्त गुजरता है।

    A: 1 और 2 B: 1 और 3 C: 2 और 3 D: उपरोक्त सभी

44. निम्नलिखित में से कौन सा /कौन से कथन असत्य है -
    1. हिमालय पर्वत का निर्माण ज्वालामुखी क्रिया के फलस्वरुप हुआ है।
    2. अरावली पर्वत एक वलित पर्वत है जिसकी ऊंचाई बहुत कम है ।
    3. भारत में नर्मदा नदी घाटी द्रोणीका भ्रंश का उदाहरण है ।
    4. भारत में दक्कन के पठार का निर्माण ज्वालामुखी क्रिया के फलस्वरुप हुआ है।

    A: केवल 1
    B: 1 और 2
    C: 2 और 3
    D: केवल 3

45. निम्नलिखित में से कौन सा/ कौन से कथन सत्य है -
1. धर्म भी पर्यावरण का एक घटक है ।
2. एक छोटा तालाब भी पारितंत्र का उदाहरण है ।
3. स्थल, जल, वायु, पादप एवं जीव जंतु मिलकर जैवमंडल का निर्माण करते हैं।

A: केवल 1
B: 1 और 2
C: 2 और 3
D: केवल 3

46. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-

1. इंग्लिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने सूरत में अपना पहला व्यापारिक मालगोदाम केन्द्र खोला।
2. सर थॉमस रो मुगल दरबार जाने वाला इंग्लिश ईस्ट इंडिया कंपनी का पहला प्रतिनिधि था।

ऊपर दिये गये कथनों में से कौनसा कथन सही है / सही हैं?

A: केवल 1
B: केवल 2
C: 1 और 2 दोनो
D: न तो 1 और न ही 2

47. निम्नलिखित में से किस राज्य को लॉर्ड डलहौजी द्वारा कुशासन के बहाने ब्रिटिश राज में मिला लिया गया था?

1. अवध 2. झांसी 3. नागपुर

नीचे दिये गये कोड में से सही उत्तर चुनें:

A: केवल 1 B: केवल 2. C: 1 और 2 D: 1, 2 और 3

48. रेगुलेटिंग एक्ट 1773 का प्रमुख प्रावधान क्या था?

1.कोलकाता में सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना |

2.बंगाल के गवर्नर को मुंबई एवं मद्रास प्रेसिडेंसी का भी गवर्नर बना दिया गया।

3. गवर्नर जनरल की सहायता के लिए 20 सदस्यों की एक परिषद बनाई गई।

नीचे दिए गए कोड में से सही उत्तर चुने

A: केवल 1 B: केवल 2 C: 1 एवं 2 D:1,2 एवं 3

49. 15 वी शताब्दी में सर्वप्रथम भारत आने वाले व्यापारी थे -

A: डच B: फ्रांसीसी

C: पुर्तगाली D: ब्रिटिश

50. ऐसा लोकतंत्र जहां जनता अपने प्रतिनिधि चुनकर भेजती है, कहलाता हैं -

A: प्रत्यक्ष लोकतंत्र

B: अप्रत्यक्ष लोकतंत्र

C: प्रत्यक्ष लोकतंत्र एवं अप्रत्यक्ष लोकतंत्र दोनों

D: उपरोक्त में से कोई

51. ब्रिटिश शासन काल में अवध क्षेत्र में महालवाड़ी व्यवस्था लागू की गई यहां महाल का अर्थ है-

A: जनपद B: तहसील

C: जिला D: गांव

52. ब्रिटिश शासन काल में भारतीय व्यापार पर निम्नलिखित में से कौन सा प्रभाव नहीं पड़ा था ?

A: कुटीर उद्योगों का विनाश हुआ B: भारतीय उद्योग मंदा पड़ गया

C: भारत में देशी वस्तुओं की मांग घट गई D: भारतीय वस्तुएं महंगी बिकने लगीं

53. पुर्तगाली व्यापारियों ने काली मिर्च एवं मसालों के व्यापार पर एकाधिकार प्राप्त करने के लिए सबसे पहले कहाँ पर दुर्ग स्थापित किया?

A: कालीकट B: कोचीन C: गोवा D: दमन

54. कृषि में निम्नलिखित में से किसको शामिल किया जाता है

A: केवल खेती-बाड़ी B: वानिकी C: पशुपालन D: उपरोक्त सभी

55. किस आधार पर विभिन्न देशों को पिछड़े देश, विकासशील देश एवं विकसित देशों में वर्गीकृत किया जाता है

A: प्रति व्यक्ति आय या राष्ट्रीय आय B: औद्योगिक विकास

C: कृषि विकास D: रोजगार की उपलब्धता

56. रोपण कृषि एक कारखाने की इकाई की तरह है जिसमें विशिष्ट वैज्ञानिक विधियों, स्थानीय श्रम का प्रयोग कर उत्पाद को विश्व बाजार में बेचा जाता है । इसके अंतर्गत उत्पादित की जाने वाली फसलें है-

A: खाद्यान्न फसलें B: चाय व रबर

C: रेशेदार फसलें D: तिलहन फसल

57. निम्नलिखित में से कच्चे माल के लिए खनिजों पर निर्भर उद्योग नहीं है-

A: लोहा एवं इस्पात उद्योग B: सीमेंट उद्योग

C: उर्वरक उद्योग D: सूती वस्त्र उद्योग

58. वर्तमान में आर्थिक नियोजन का कार्य किसके द्वारा किया जाता है-

A: योजना आयोग B: नीति आयोग

C: योजना आयोग एवं नीति आयोग दोनों D: योजना परिषद

59. ब्रिटिश शासन काल में भारत से निर्यात होने वाली प्रमुख वस्तुएं थीं -

A: कपड़े B: मसाले

C: कुटीर उत्पाद D: उपरोक्त सभी

60. रामकृष्ण परमहंस से प्रभावित होकर 1897 ई.में रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की थी?

A: स्वामी दयानंद सरस्वती
B: स्वामी विवेकानंद
C: श्रीमती एनी बेसेंट
D: ज्योतिबा फुले

61. सुभाष चंद्र बोस ने देश को स्वतंत्र करने के लिए रक्त की आखिरी बूंद बहा लेने की शपथ लेते हुए सेनापति की हैसियत से भारत की अस्थाई सरकार का गठन कहां किया था?

A: सिंगापुर में
B: टोक्यो में
C: रंगून में
D: नई दिल्ली में

62. भारत की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्य बनाए रखने के लिए कौन सा सहायक तत्व नहीं हैं -

A: पंथनिरपेक्षता
B: मौलिक अधिकार
C: मौलिक कर्तव्य
D: भाषावाद

63. 6 से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों के लिए निशुल्क और अनिवार्य प्रारंभिक शिक्षा का प्रावधान किया गया है -

A: 86 वा संविधान संशोधन द्वारा
B: 92 वा संविधान संशोधन द्वारा
C: 100 वां संविधान संशोधन द्वारा
D: 101वां संविधान संशोधन द्वारा

64. भारत में नौसेना के संगठन को तीन क्षेत्रीय कमानों में विभक्त किया गया है, इनमें से पूर्वी कमान का मुख्यालय कहां स्थित है?

A: कोचीन
B: मुंबई
C: विशाखापट्टनम
D: चेन्नई

65. नागरिक विद्रोहों में सबसे महत्वपूर्ण विद्रोह कौनसा था? जिसका उल्लेख बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने अपनी पुस्तक 'आनंदमठ' में किया है।

A: संथाल विद्रोह
B: सन्यासी विद्रोह
C: मुंडा विद्रोह
D: खासी विद्रोह

66. भारत की विदेश नीति के प्रमुख सिद्धांत है

A: गुटनिरपेक्षता
B: नि: शस्त्रीकरण का समर्थन
C: साम्राज्यवाद का विरोध
D: उपरोक्त सभी

67. संयुक्त राष्ट्र संघ का महत्वपूर्ण अंग नहीं है-

A: सुरक्षा परिषद
B: आर्थिक एवं सामाजिक परिषद
C: अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय
D: अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन

68. ऐसा भूभाग जो चारों ओर से जल से घिरा हो ,कहलाता है

A: पत्तन
B: खाड़ी
C: द्वीप
D: डेल्टा

69. संसार के मीठे पानी के 90% भंडार बर्फ के रूप में संचित हैं

A: सियाचिन ग्लेशियर में
B: अंटार्कटिका में
C: साइबेरिया में
D: हिमालय क्षेत्र में

70. मानव अधिकार के अंतर्गत निम्नलिखित में से किस अधिकार का समावेश नहीं है-

A: नागरिक अधिकार
B: राजनैतिक अधिकार
C: आर्थिक अधिकार
D: प्रशासनिक अधिकार

NAS-2021

Social Science

Practice Test Paper-3

Answer key

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1-A | 15-D | 29-B | 43-D | 57-D |
| 2-B | 16-B | 30-D | 44-A | 58-B |
| 3-C | 17-A | 31-C | 45-B | 59-D |
| 4-B | 18-D | 32-B | 46-A | 60-B |
| 5-A | 19-A | 33-A | 47-A | 61-A |
| 6-A | 20-B | 34-B | 48-C | 62-D |
| 7-D | 21-A | 35-C | 49-C | 63-A |
| 8-D | 22-C | 36-B | 50-B | 64-C |
| 9-C | 23-B | 37-A | 51-D | 65-B |
| 10-C | 24-C | 38-A | 52-D | 66-D |
| 11-B | 25-B | 39-B | 53-B | 67-D |
| 12-C | 26-B | 40-C | 54-D | 68-C |
| 13-C | 27-C | 41-D | 55-A | 69- B |
| 14-D | 28-D | 42-D | 56-B | 70-D |